हरियाणा नागरिक संघ के कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करती हुई डॉ. सुमन दुबे। पत्रिका

कार बनाए ऐसी जो इंसान से इंसान की दूरी मिटाए

हिंदमोटर में कवि सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता @ हुगली

हिंदमोटर स्टाफ क्लब की ओर से हिंदमोटर सभागार में शनिवार को होली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राजेंद्र मालवी आलसी (इटारसी-मध्य प्रदेश), पी.के धूत (अट्टा-हरियाणा), देवल आशीष (लखनऊ), कवियत्री डॉ.अनिता सोनी (इंदौर), लाजपत राय विकट (धनबाद) तथा जयकुमार रुसवा (कोलकाता) ने हिस्सा लिया।

हिंदमोटर सभागार में आयोजित कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों व उनके परिवार वालों ने हिस्सा लिया। कवि सम्मेलन में उपस्थित लोगों को जहां कवियों ने हास्य कविताओं से लोटपोट किया वहीं कवियों ने व्यंग्य के तीखे वाणों वाली दुधारी कविताओं से लोगों को देश-समाज की वर्तमान स्थिति के बारे में सोचने के लिए बाध्य किया। होली में लोगों के दिलों को जोड़ने की कविता सुनाते हुए लखनऊ से आए कवि ने राधा-कृष्ण की मर्यादित प्रेम कहानी को कविताओं के माध्यम से पेश कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियत्री ने सरस्वती वंदना के माध्यम से होली की खुशियां बांटी।

राजेंद्र मालवी आसली ने इंसान से इंसान के दिलों की दूरियां मिटाने वाली कार बनाने की बात करते हुए कहा कि आज वाहनों ने दुनिया को एक सूत्र में जोड़ दिया है। पर इंसान से इंसान के दिलों की दूरी बढ़ती ही जा रही है। दुनिया में एक कार ऐसी बनाई जाय जो दूरी को मिटाने में सफल हो। आलसी ने मां के बारे में मर्मस्पर्शी दिल को छू लेने वाली कविता सुनाते हुए कहा कि हर इंसान को एक ऐसा झूला जीवन में जरूर बनाना चाहिए जिसमें उसकी मां झूल सके। क्योंकि मां ने उसे अपने कंधों पर झुलाया है जिसका कर्ज इंसान कभी नहीं चुका सकता है। हास्य कवि पी.के. धूत ने लोगों को गुदगुदाते हुए कहा कि जरा सोचें जब सारा फिलिमस्तिान दिल्ली की संसद भवन में पहुंच जाएगा और बसंती का तांगा दिल्ली के दरबारों में दौड़ेगा। उन्होंने कविता के माध्यम से देश की राजनीतिक स्थिति पर करारा व्यंग्य किया। कविता में लखनवी नजाकत पेश करते हुए देवल आशीष ने कहा कि चोरी में भले ही कान्हा ने नाम कमाया पर प्रेम में नाम राधा ने ही कमाया। राधा कृष्ण को पा सकती थी पर राधा त्याग से प्रेम को अमर बना गई।

मां सरस्वती की वंदना करते हुए डॉ. अनिता सोनी ने कहा कि हंसेश्वरी की दया से ही सबको मधुर वाणी मिली है। सुर में गाई इस कविता को हॉल में उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। लोगों को होली के मौके पर इस वाणी का प्रयोग प्रेम व भाईचारा बढ़ाने के लिए करना चाहिए।

सम्मेलन में लाजपत राय विकट (धनबाद) तथा जयकुमार रुसवा (कोलकाता) ने भी कविता पाठ कर लोगों को हंसाया व गुदगुदाया। इस मौके पर हिंदमोटर के प्रबंध निदेशक मनोज झा व महाप्रधंक (कार्पोरेट) राजीव सक्सेना समेत कारखाने के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

तरंग पर व्यंग्य का रंग

हरियाणा नागरिक सम्मेलन के कवि सम्मेलन में गूंजे ठहाके

कासं @ कोलकाता

हरियाणा नागरिक संघ की ओर से रविवार को महाजाति सदन में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन होली के रंग में रंगा रहा। देश भर के नामी कवियों ने अपनी रचनाओं से संघ के सदस्यों के लिए होली की शाम यादगार बना दी। कवि गजेन्द्र सोलंकी, डॉ. सुनील जोगी, डॉ. सुमन दुबे, जगबीर राठी, दिनेश बावरा ने अपनी रचनाओं से दर्शकों का खासा मनोरंजन किया।

कवि दिनेश बावरा ने हास्य व्यंग्य के साथ साथ सार्थक संदेश दिए। डॉ. सुमन दुबे की गीतों ने सभागार में समा बांध दिया। डॉ. सुनील जोगी के व्यंग्य भरे तीरों ने सभी क्षेत्रों के दिग्गजों को अपने निशाने पर लिया। कार्यक्रम का संचालन कवि गजेन्द्र सोलंकी ने किया। पूरे आयोजन के दौरान कवियों में चली नोंकझोंक, मंच पर चली चुटकुलेबाजी का श्रोताओं ने खासा मजा लिया।

संघ के अध्यक्ष बाबूलाल ढनानिया, चेयरमैन सुंदरलाल कलानोरिया, सचिव गौरधर निगानिया, कोषाध्यक्ष सुभाष जैन समेत अन्य पदाधिकारियों ने इससे पहले महाजाति सदन में नागरिक संघ के अन्य सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दीं। ठंडाई की तरंग में हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन को संघ के सदस्यों ने सराहा।